ओएनजीसी ने उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का दिया प्रस्ताव

अच्छी खबर

- प्रयागराज में बीपीसीएल के साथ रिफाइनरी प्लांट स्थापित करने की तैयारी
- 12 मिलियन मीट्रिक टन क्षमता वाला पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स स्थापित होगा

लखनऊ,विशेष संवाददाता। ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) ने योगी सरकार के समक्ष प्रयागराज में करीब 100,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 12 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष क्षमता वाले रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव से न सिर्फ प्रयागराज में बड़े पैमाने पर निवेश होगा, बल्कि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होगा।

तकनीकी मुद्दों पर हो रही चर्चा: प्रयागराज में रिफाइनरी प्लांट स्थापित करने की परियोजना ओएनजीसी, बीपीसीएल और एक विदेशी भागीदार के सहयोग से स्थापित की जाएगी। इसको लेकर औद्योगिक विकास विभाग एवं ओएनजीसी के अधिकारियों के बीच तकनीकी मुद्दों पर वार्ता चल रही है। यूपी के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश के लिए श्रेष्ठतम गंतव्य के रूप में उभर रहा है। यूपी देश में बेहतरीन उदाहरण बन गया है।